सोमवार, 05 जून 2017, लखनऊ, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 22, अंक 130, 30 पेज, मूल्य ₹ 3.00, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी, विक्रम सम्वत् 20

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

विश्व पर्यावरण दिवस

मेधा पाटकर : मुंबई की मेधा 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' की अगुवा रही हैं। बाद के दिनों में भी इन्होंने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई बड़े आंदोलनों को अंजाम तक पहुंचाया।

पर्यावरण दूत

पर्यावरण पर व्याख्यान तो कहीं होगा पौधरोपण

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को लोगों को में जागरूक करने के लिए राजधानी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में सुबह 11 बजे व्याख्यान आयोजित होगा। एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान, हैदराबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक पद्मश्री प्रोफेसर दोरइराजन बालासुब्रमनियम 'वैश्विक पर्यावरण में मानव जनित परिवर्तन और उसके दुष्प्रभावों के निवारण के लिए उपाय' पर व्याख्यान देंगे। एनबीआरआई में कनेक्टिंग विद नेचर थीम पर पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला किया है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

पर्यावरण निदेशालय व आंचलिक विज्ञान नगरी की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पर्यावरण जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चौक स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में गौ-गौरैया संरक्षण समिति के की ओर से पौधे वितरित किया जाएगा। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में 50 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट लगाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन व कानून मंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में प्लांट का उद्घाटन किया जाएगा।